भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय)
वी. रामलिंगस्वामी भवन, पोस्ट बॉक्स नं. 4911,
अंसारी नगर, नई दिल्ली–110029.

विज्ञापन संख्या: आईसीएमआर/सीडी/कॉन्ट./2024 दिनांक : 05.06.2024

## संविदा पद हेतु रिक्ति अधिसूचना

“भारत में टीबी को समाप्त करने के प्रयासों में तेजी लाना” शीर्षक वाली अल्पकालिक शोध परियोजना के लिए गैर-संस्थागत परियोजना मानव संसाधन पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह पद पूरी तरह से अस्थायी और अनुबंध के आधार पर है, जो आईसीएमआर मुख्यालय, नई दिल्ली में एक वर्ष की अवधि के लिए है।

पद का विवरण और अपेक्षित अर्हकताएँ नीचे दी गई हैं:

| | |
|---|---|
| पद का नाम | परामर्शक (चिकित्सा/गैर-चिकित्सा) |
| पदों की संख्या | 1 (एक) |
| अनिवार्य अर्हकता | **चिकित्सा**:<br>एमबीबीएस/बीडीएस के साथ अपने कार्य क्षेत्र में सिद्ध की गई सार्मथ्यता और सफलता होनी चाहिए। किसी प्रासंगिक विषय यथा एमपीएच/पीएचडी/एमडी/एमडीएस में पीजी डिग्री होनी चाहिए।<br>या<br><br>**गैर-चिकित्सा**:<br>अनुसंधान और विकास का अनुभव और प्रकाशित शोध पेपरों के साथ प्रासंगिक विषय (क्लिनिकल/सार्वजनिक स्वास्थ्य/समाजशास्त्र/सामाजिक कार्य) में एमएससी/एमए की डिग्री रखने वाले पेशेवर |
| वांछनीय | 1. कंप्यूटर एप्लीकेशन का ज्ञान (एमएस वर्ड/एक्सेल/पावरपॉइंट)<br>**2.** संप्रेषण में अच्छी दक्षता: बोलने (अंग्रेजी और हिंदी) दोनों में और लिखने में दक्षता<br>**3.** एसपीएसएस, स्टेटा, आर जैसे किसी भी सांख्यिकीय विश्लेषण उपकरण का उपयोग करने का अनुभव, बहु-उद्देश्यीय अध्ययनों के समन्वय और प्रबंधन में अनुभव<br>**4.** डाटा गुणवत्ता प्रबंधन<br>**5.** बहु- उद्देश्यीय अध्ययनों के समन्वय और प्रबंधन में अनुभव<br>**6.** सहकर्मी-समीक्षित पत्रिकाओं में प्रकाशन |
| आयु सीमा | अधिकतम 50 वर्ष |
| परिलब्धियाँ | उम्मीदवार के ज्ञान और अनुभव के आधार पर अधिकतम 90,000/- रुपये प्रति माह (समेकित) |
| अपेक्षित कार्य का विवरण | 1. विभिन्न साइटों, राज्य स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ समन्वय और संवाद स्थापित करना<br>**2.** परियोजना की आवश्यकता के अनुसार हितधारकों, विशेषज्ञों, पीआरसी के साथ बैठकों का समन्वय करना और बैठकों का कार्यवृत्त तैयार करना, रिपोर्ट लिखना, साप्ताहिक और मासिक रिपोर्ट जैसी परियोजना रिपोर्ट तैयार करना<br>**3.** आवश्यकतानुसार गतिविधियों और साइटों की निगरानी करना<br>**4.** उपयुक्त उपकरणों का विकास और गतिविधियों की सूक्ष्म योजना बनाना<br>**5.** डाटा प्रबंधन और विश्लेषण<br>**6.** पीआई या प्रोग्राम अधिकारी द्वारा बताई गई अध्ययन योजना और गतिविधियों के |

| | |
|---|---|
| | अनुसार अध्ययन करने की जिम्मेदारी। |

**<u>नियुक्ति की अवधि</u>**

1. परामर्शदाता (ओं) की नियुक्ति की अवधि उनकी परफोर्मेंस के अधीन अधिकतम एक वर्ष के लिए है।
2. परामर्शदाता की नियुक्ति पूर्णकालिक अनुबंध के आधार पर होगी और आईसीएमआर के साथ परामर्श अवधि के दौरान कोई अन्य कार्य, चाहे अंशकालिक हो या पूर्णकालिक, करने की अनुमति नहीं होगी।

**<u>भर्ती की प्रक्रिया</u>::**

1. पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को सबसे पहले विज्ञापन के अनुसार अपनी पात्रता की पुष्टि कर लेनी चाहिए। वे यह भी सुनिश्चित कर लें कि उनके पास एक वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर है। ध्यान दें कि प्रदान की गई ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रखना होगा।
2. उपरोक्त सभी मानदंडों और योग्यताओं, अनुभव आदि को पूरा करने वाले पात्र उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं और आवेदन को संबंधित दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों के साथ 26 जून, 2024 (आवेदन जमा करने ~~की~~ अंतिम तिथि) को सायं 05:00 बजे तक मेल आईडी: acceendtb@gmail.com पर भेज सकते हैं।
3. उम्मीदवार को अपना आवेदन पत्र हाल ही में लिये गये पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो, विस्तृत बॉयोडाटा/सी.वी., तथा सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करना होगा; जो विधिवत स्व-सत्यापित हों; अपनी शैक्षिक योग्यता [10वीं कक्षा से आगे के सभी प्रमाण-पत्र और अंक-तालिका], कार्य अनुभव, आयु और फोटो पहचान-पत्र [आधार कार्ड/भारतीय पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस] के प्रमाण के रूप में हों।
4. आवेदन पत्र निर्धारित तिथि और समय से पूर्व भेजा जाना चाहिए, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। विलम्बित/अपूर्ण/अहस्ताक्षरित आवेदनों पर बिल्कुल भी विचार नहीं किया जाएगा और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।
5. सफल उम्मीदवारों को पद का आवंटन सक्षम प्राधिकारी अपने विवेक से तय करेगे।
6. साक्षात्कार की तिथि और समय के बारे में केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ईमेल पर सूचित किया जाएगा।
7. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को व्यक्तिगत चर्चा के समय सत्यापन के लिए अपनी शैक्षिक योग्यता [10वीं कक्षा से आगे के सभी प्रमाण पत्र और अंक-तालिकाएं], कार्य अनुभव, आयु, फोटो पहचान पत्र [आधार कार्ड/भारतीय पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस] आदि के प्रमाण के रूप में सभी आवश्यक दस्तावेज/प्रशंसा-पत्रों की मूल कापियां साथ में लानी होंगी। जो लोग उपरोक्त में से कुछ भी लाने में विफल रहेंगे, उनको व्यक्तिगत चर्चा में भाग नहीं लेने दिया जाएगा।

**<u>अन्य नियम एवं शर्तें</u>::**

1. ये पद अस्थायी परियोजनाओं के लिए हैं तथा परियोजना की समाप्ति के साथ ही समाप्त हो जाएंगे।
2. विज्ञापित परियोजना मानव संसाधन पदों की नियुक्ति निधियों की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं तथा सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगी। चूंकि, हम विज्ञापित सभी परियोजना मानव संसाधन पदों को भरने के लिए प्रतिबद्ध नहीं हैं तथा प्रक्रिया को किसी भी समय वापस लिया/रद्द/संशोधित किया जा सकता है।
3. इस विज्ञापन में दर्शाई गई पारिश्रमिक/वजीफा की दरें परियोजना-विशिष्ट हैं तथा परियोजना की वित्तपोषित एजेंसी की स्वीकृति के अनुसार भिन्न-भि न्न हो सकती हैं। पारिश्रमिक पूरी तरह से योग्यता और अनुभव पर आधारित होगा।
4. आयु सीमा की कट-ऑफ तिथि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि होगी।

5. आयु में छूट आईसीएमआर के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी।
6. योग्यता और अनुभव प्रासंगिक विषय/क्षेत्र में तथा प्रतिष्ठित संस्थान से होना चाहिए। न्यूनतम आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के बाद का अनुभव मान्य होगा।
7. केवल आवश्यक योग्यता पूरी करना ही चयन की गारंटी नहीं है।
8. किसी भी सरकारी विभाग/संगठन के तहत पहले से नियमित समय-मान सेवा में कार्यरत व्यक्ति आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।
9. साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा में भाग लेने के लिए कोई यात्रा/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा और उम्मीदवारों को परिवहन/आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।.
10. आईसीएमआर किसी भी आवेदन/उम्मीदवारी पर विचार करने या उसे अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
11. चयन प्रक्रिया के दौरान गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी अयोग्य मानी जाएगी।
12. परियोजना मानव संसाधन पदों पर नियुक्त व्यक्तियों को सामान्यतः स्टेडी के स्थान पर ही नियुक्त किया जाएगा; हालाँकि, उन्हें शोध कार्य के हित में किसी अन्य स्थल पर भी नियुक्त किया जा सकता है। उन्हें देश के किसी भी भाग में सेवा करनी होगी।
13. परियोजना मानव संसाधन पदों पर नियुक्त व्यक्तियों का आईसीएमआर या इसके किसी संस्थान/केंद्र या भारत सरकार के किसी विभाग में नियमित पद पर कोई दावा नहीं होगा और किसी एक या एक से अधिक परियोजनाओं में ब्रेक के साथ या बिना ब्रेक के उनकी परियोजना अवधि किसी अन्य परियोजना में आगे असाइनमेंट या स्थानांतरण या फंडिंग एजेंसी या आईसीएमआर की सेवा में नियुक्ति/समावेशन/नियमितीकरण का कोई अधिकार नहीं होगा। भविष्य निधि, पेंशन योजना, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा, स्टाफ क्वार्टर और आईसीएमआर के नियमित कर्मचारियों के लिए लागू अन्य सुविधाओं के लाभ परियोजना मानव संसाधन के लिए स्वीकार्य नहीं हैं।
14. सफल उम्मीदवारों को आमतौर पर परियोजना मानव संसाधन पद पर एक वर्ष या उससे कम अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा, जो परियोजना की स्वीकृत अवधि और कार्यात्मक आवश्यकताओं पर निर्भर करेगा। परियोजना मानव संसाधन पदों की नियुक्ति की निरंतरता/विस्तार कार्य निष्पादन के मूल्यांकन, परियोजना की अवधि, निधियों की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगा। किसी भी या एक से अधिक परियोजनाओं में किसी भी परियोजना मानव संसाधन पद की अधिकतम अवधि, ब्रेक के साथ या बिना ब्रेक के केवल पांच वर्ष होगी। संबंधित परियोजना अन्वेषक, प्रभाग प्रमुख और मेजबान संस्थान के प्रमुख महानिदेशक, आईसीएमआर की पूर्व सहमति के बिना किसी भी परियोजना मानव संसाधन पद को किसी भी या एक से अधिक परियोजनाओं में ब्रेक के साथ या बिना ब्रेक के पांच साल से अधिक समय तक जारी रखने/विस्तार देने के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार और जवाबदेह होंगे।
15. आईसीएमआर बिना कोई कारण बताए, अनुबंध की सहमत अवधि या विस्तारित अनुबंध अवधि के दौरान भी परियोजना मानव संसाधन पद को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
16. छुट्टी परियोजना मानव संसाधन पदों के लिए आईसीएमआर की नीति के अनुसार होगी।
17. आईसीएमआर अपने विवेक से किसी भी समय प्रक्रिया को रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
18. महानिदेशक, आईसीएमआर का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
19. किसी भी रूप में बाहरी दबाब डालना अयोग्यता मानी जाएगी।
20. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/आगे की जानकारी; यदि कोई हो; केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। चूंकि, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन से संबंधित आगे अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से आईसीएमआर की वेबसाइट देखते रहें।